प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में 757 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली 24 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कुशीनगर को दी 525 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात।**
2. **अयोध्या में आज हुई श्रीराम मंदिर निर्माण समिति की बैठक : 30 जुलाई तक सभी प्रमुख निर्माण कार्य पूरे करने का लक्ष्य, समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने चढ़ावा गबन मामल पर कहा– भविष्य में नहीं होगी ऐसी पुनरावृत्ति।**
3. **राज्य में कल मनाया जाएगा पौधरोपण महाभियान : एक दिन में लगाए जाएंगे 35 करोड़ पौधे।**

**और**

4. **प्रदेश के कई जनपदों में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित : मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए जारी की भारी वर्षा की चेतावनी।**

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के पिपराइच विधान सभा क्षेत्र में 757 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली 24 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस**

अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र में विकास होगा और युवाओं के लिये रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी से प्रगति होगी और इससे देश में समृद्धि आएगी। बाइट.....

*स्पीड जितनी अच्छी होती है कनेक्टिविटी के लिए प्रगति उतनी ही तेज होगी और प्रगति होगी तो स्वाभाविक रूप से व्यक्ति की भी, समाज की भी और देश की भी समृद्धि होगी। समृद्धि होगी तो खुशहाली होगी।*

——————————

## मुख्यमंत्री–शिलान्यास

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कुशीनगर जिले के रामकोला विकास खण्ड के टेकुआटार में आयोजित एक कार्यक्रम में कुशीनगर, रामकोला और हाटा विधानसभा क्षेत्रों की 525 करोड रुपए की लागत वाली 464 विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर जनसभा को सम्बोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार आने के बाद कुशीनगर जिले की तस्वीर बदल गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने कुशीनगर को इंसेफ्लाइटिस से मुक्त कर बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया है। साथ ही मुसहर जाति के लोगों को आवास के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ देकर जीवन को भी बेहतर बनाया है। श्री योगी ने कहा कुशीनगर भी बाकी जनपदों के साथ विकास की यात्रा में सहभागी बन रहा है। जल्द ही कुशीनगर को एयर

कनेक्टिविटी के ज़रिए जेवर एयरपोर्ट समेत अन्य राज्यों से जोड़ा जाएगा। बाइट.....

*कुशीनगर को बेहतरीन सेवा हम देने जा रहे हैं और हम तो जेवर के साथ भी कुशीनगर को जोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। गया के साथ जोड़ने जा रहे हैं। अच्छे और नए एयरक्राफ्ट कुशीनगर की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएंगे। अब हमारे कुशीनगर के नौजवानों को अपनी खेती को आधुनिकता के साथ जोडने के लिए इधर–उधर जाने की आवश्यकता नहीं। कुशीनगर में ही हम लोग एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी दे चुके हैं। कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुशीनगर में ही बन रहा है।*

———————————

अयोध्या में आज श्रीराम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में मंदिर निर्माण से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बाउंड्री वॉल, ट्रस्ट भवन, गेट नंबर–3, अतिथि गृह, ऑडिटोरियम समेत अन्य निर्माण कार्यों की स्थिति पर चर्चा हुई। इन सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए उनकी टाइम लाइन भी तय की गई। वहीं, कल होने वाली बठक में 20 दीर्घाओं वाले 'रामकथा संग्रहालय' के तकनीकी पहलुओं और वीडियो प्रस्तुतियों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बैठक से पूर्व श्री राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि 30 जुलाई तक राम मंदिर के सभी प्रमुख निर्माण कार्य पूरे होने का लक्ष्य है। उन्होंने मंदिर चढ़ावा गबन मामले पर कहा कि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होगी। आने वाले दिनों में व्यवस्थाओं में सुधार होगा। बाइट......

*यह अपने में एक तरीके का कलंक है। एक तरीके से राम मंदिर में यह घटना घट गई। इसका हम सभी को यह खेद ही नहीं एक तरीके से हम सभी उससे छोटापन महसूस कर रहे हैं। तो यह व्यवस्था का एक प्रश्न है। व्यवस्था में सुधार होगा। मुझे पूरा विश्वास है और इस प्रकार की घटनाएं दोहराई नहीं जाएगी।*

————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर स, प्रदेशव्यापी पौधरोपण महायज्ञ– 2026 का शुभारंभ करेंगे। श्री योगी गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के समीप और आरकेबीके के पास ताल रिंग रोड के किनारे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधा लगाएंगे। पौधरोपण महाभियान के जरिये प्रदेश सरकार ने इस बार 35 करोड़ पौधरोपण करने का लक्ष्य तय किया है। इस अवसर पर जनसभा कर वह प्रदेशवासियों से पौधरोपण महायज्ञ में हिस्सेदारी करने का आह्वान करेंगे। अभियान में प्रदेश के सभी विभाग, स्कूल– कॉलेज और संस्थान हिस्सा लेंगे। पौधरोपण महायज्ञ के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के वन और पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर गोरखपुर में तैयारियां पूरी कर ली गई है। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*पौधरोपण के इस लक्ष्य में गोरखपुर को 55 लाख 28 हजार 600 पौधरोपण की जिम्मेदारी मिली है। सभी पौधशालाओं में गुणवत्तायुक्त पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। पौधों के बेहतर विकास एवं उत्तरजीविता के लिए चिन्हित रोपण स्थलों पर एडवांस सॉयल वर्क के अंतर्गत गड्ढा खुदाई, टॉप सॉयल की व्यवस्था, पौधरोपण स्थलों का विकास,*

*पौध संरक्षण हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं तथा अन्य तैयारियां पूर्ण हैं। कुल 27 विभागों के सामंजस्य से यह पौधारोपण किया जाएगा। इसमे गोरखपुर के वन विभाग, ग्राम विकास, कृषि विभाग ,उद्यान विभाग ,पर्यावरण विभाग, पंचायती राज व राजस्व विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। गिरीश नारायण चौबे, आकाशवाणी समाचार, गोरखपुर।*

वहीं उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि इस अभियान में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से 20 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर लखनऊ आएंगे। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि श्री सिंह किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय केजीएमयू के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्री लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेस वे के लोकार्पण कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

——————————

आज विश्व जनसंख्या दिवस है। प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाने वाला यह दिन बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेश के कई जिलों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने  विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर कहा कि जनसंख्या में संतुलन हो समृद्ध समाज का आधार है। एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने लोगों से जनसंख्या संतुलन और परिवार कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लेने की अपील की, इसी क्रम में पीलीभीत जिले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बी सी पंत ने एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

---

आगामी श्रावणमास के दौरान होने वाली कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न जिलों में प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। वाराणसी जनपद में पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल और जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने आज संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मार्ग पर की जा रही तैयारियों को बारीकी से देखा और श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने

निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

——————————

सिद्धार्थनगर जिले में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 146 नव जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर डुमरियागंज स सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि सरकार जनता के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिये संकल्पित है।

——————————

रामपुर जिले में आज एक ट्रक और कार की टक्कर में 4 व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब टाण्डा क्षेत्र में एक कार मक्के से भरे ट्रक में पीछे से टकरा गयी। कार में 7 व्यक्ति सवार थे, जिनमें से चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

——————————

जौनपुर और सोनभद्र में 10 से 12 जुलाई 2026 तक आयोजित हो रही 43वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वाराणसी जोनल बैडमिंटन और टेबल टेनिस क्लस्टर प्रतियोगिता में जौनपुर पुलिस ने शानदार प्रदर्शन किया है। जौनपुर के अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने टेबल टेनिस

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

———————————

बीते 24 घंटो में प्रदेश के कई जनपदों में हुई भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। लखीमपुर खीरी के पलियां कला में शारदा नदी खतर के निशान के करीब बह रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में गरज–चमक के साथ बौंछारे पड़ने का अनुमान जताया है। विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के हिस्सों के लिए भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

(समाप्त)